## महत्वपूर्ण एवं खास

### आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए 6 नवम्बर तक मंगाए गए आवेदन

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना, खरसिया अंतर्गत दर्रीपारा वार्ड क्रमांक 8 शहरी क्षेत्र में आंगनबाड़ी सहायिका के एक रिक्त पद के लिए 6 नवम्बर 2024 को शाम 5.30 बजे तक आवेदन मंगाए गए है। इच्छुक आवेदिका नियत तिथि एवं समय पर कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना खरसिया, जिला-रायगढ़ में सीधे आवेदन जमा कर सकती है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

### आकाशवाणी में मनाया जा रहा स्वच्छता अभियान

**रायगढ़।** आकाशवाणी रायगढ़ में 02 अक्टूबर से लेकर 31 अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान 4.0 मनाया जा रहा है। विभिन्न गतिविधियों के अंतर्गत समस्त अधिकारी और कर्मचारी अपने श्रम दान से कैम्पस और कॉलोनी को स्वच्छ बनाने और समस्त प्रकार के अनुरक्षण हेतु प्रयासरत हैं। कार्यक्रम प्रमुख एवं केंद्र के नोडल अधिकारी नीरज प्रभाकर ने जानकारी दी की पूरे कैम्पस में उगे घास और रिक्त स्थानों की सघन सफाई की गई और कार्यालय के भीतर भी समस्त फाइलों की छँटाई के साथ पुनर्व्यवस्थापना की गई। तकनीकी एरिया में भी समस्त वाइरिंग, एचटी पैनल, एल टी पैनल, जनरेटर की सफाई और अनुरक्षण का कार्य कोशलेन्द्र साय पैंकरा, तकनीकी नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन किया रहा है। कार्यालय के मुख्य द्वार पर विलोपित हो चुके साईनेज को पुन: बनाया गया तथा गेट की पेंटिंग की गई। साथ ही मैं दीवार की मरम्मत भी की गई।

### टीडीएस जागरूकता के संबंध में कार्यशाला आयोजित



**रायगढ़।** जिला कोषालय के तत्वाधान में कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में आयकर अधिकारियों द्वारा टीडीएस जागरूकता के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें उन्होंने आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को टीडीएस एवं टीसीएस के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में बिलासपुर संभाग के आयकर अधिकारी अंजनी कुमार सिंह, आयकर निरीक्षक जयप्रकाश एवं तकनीकी सहायक प्रांजल मित्तल द्वारा आयकर कटौती के विभिन्न नियमों एवं प्रक्रियाओं के संबंध में अपनी जानकारी साझा की। इस अवसर पर जिला कोषालय अधिकारी ज्योति सिंह, सहायक कोषालय अधिकारी पुष्पेन्द्र चन्द्रा, खलखो एवं समस्त आहरण संवितरण अधिकारी उपस्थित रहे।

### शिक्षक भर्ती की मांग पर डटा बीएड-डीएड संघ, 18 अक्टूबर तक का दिया सरकार को समय

**रायपुर (आरएनएस)।** शिक्षक भर्ती की मांग को लेकर डीएड-बीएड संघ का नया रायपुर तूता धरना स्थल पर अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है. बीते 30 दिनों में सरकार की ओर से कोई पहल नहीं के बाद अब संघ 18 अक्टूबर तक मांग पूरी होने पर 19 अक्टूबर को नेशनल हाइवे पर चक्काजाम की चेतावनी दी है. छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित डीएड-बीएड संघ के अध्यक्ष दाउद ख़ान ने चर्चा में बताया कि शिक्षक भर्ती नहीं होने से डिप्रेशन में बिलासपुर में एक युवा ने आत्महत्या कर ली है. सरकार को एक साथ कितनी जान चाहिए बता दें. उन्होंने कहा कि एक तरफ 75,000 शिक्षकों का पद ख़ाली हैं, जिसकी वजह से अभिभावक-बच्चे स्कूलों में ताला लगा रहे हैं. दूसरी तरफ़ डिग्रीधारी बेरोजगार सरकार ने अपने वादे के अनुरूप नोटिफिकेशन जारी करने की मांग कर रहे हैं.

# एनडीआरएफ और नगर सेना की टीमों ने बाढ़ आपदा राहत बचाव का किया संयुक्त मॉक ड्रिल

**❑ पुसौर के सिंगपुरी में 50 जवानों ने महानदी में किया सुरक्षा अभ्यास**







**रायगढ़**

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, भारत सरकार के वार्षिक कैलेण्डर वर्ष 2024-25 के तहत कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था के संबंध में बाढ़ आपदा से निपटने हेतु आज ग्राम-सिंगपुरी तहसील पुसौर (महानदी) रायगढ़ में जिला स्तरीय संयुक्त मॉक अभ्यास किया गया। जिसमें राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, गृह मंत्रालय, 03 वाहिनी एनडीआरएफ मुण्डली कटक (ओडिशा) की एनडीआरएफ एवं नगर सेना रायगढ़ टीम के 50 जवानों द्वारा मॉक अभ्यास किया गया।

प्रारंभिक अभ्यास में बाढ़ की स्थिति निर्मित होने पर सबसे पहले क्या करना चाहिए के संबंध में डेमो देकर जानकारी दी गई। जिसमें जवानों द्वारा बाढ़ आपदा से निपटने के लिए डेमो देकर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारी एवं जनसामान्य को बताया गया। आयोजित मॉक ड्रिल के दौरान बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान उनसे बचाव एवं बरती जाने वाली सावधानियों, सुरक्षा के नियमों और आपदा के समय बाढ़ से बचाव एवं स्वास्थ्यगत उपचार दिये जाने के संबंध में पूरी जानकारी उपस्थित ग्रामीण एवं स्कूली छात्र-छात्राओं को दी गई।

इस अवसर पर नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर रेखा चन्द्रा, प्रभारी अधिकारी राहत एवं आपदा शाखा, एसडीएम रायगढ़ प्रवीण तिवारी, जिला सेनानी नगर सेना रायगढ़ बी.कुजूर, एनडीआरएफ मुण्डली कटक ओडिशा के द्वितीय कमान अधिकारी धनंजय कुमार, तहसीलदार पुसौर नेहा उपाध्याय, नायब तहसीलदार पुसौर, स्वास्थ्य विभाग से बीएमओ पुसौर एवं उनकी पूरी टीम एम्बुलेंस के साथ तथा ग्राम सिंघपुरी के सरपंच, सचिव, कोटवार व स्कूली छात्र-छात्राएं तथा अधिक संख्या में ग्रामीण जनों की उपस्थिति में संपादित की गई। उक्त संयुक्त अभ्यास में एनडीआरएफ के 25 जवान तथा नगर सेना रायगढ़ के बाढ़ बचाव दल के 25 जवान सम्मिलित थे।

अभ्यास नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर रेखा चन्द्रा द्वारा गत दिवस टेबल टॉप बैठक लेकर 17 अक्टूबर को होने वाली जिला स्तरीय संयुक्त मॉक अभ्यास के विस्तृत रूपरेखा संबंध में जानकारी दी गई थी। जिसमें जिला सेनानी नगर सेना और उड़ीसा के अधिकारी एवं टीम उपस्थित रहे।

### कलमा बैराज में 15 जून तक भरा रहेगा पानी

**बैराज के नीचे महानदी में मछली पकड़ना , फसल लगाना एवं नहाने के लिए सख्त मनाही**

**रायगढ़।** जल संसाधन संभाग, रायगढ़ के कार्यपालन अभियंता ने जानकारी देते हुए बताया है कि महानदी पर निर्मित कलमा बैराज में 15 जून 2025 तक पानी भरा जाएगा। इस दौरान बैराज में ऊपर से कभी भी अत्यधिक मात्रा में पानी आ सकता है। जिसके कारण निर्धारित मात्रा से अधिक जल भराव होने पर कभी भी बैराज खोले जा सकते है। जिससे बैराज के नीचे महानदी में पानी के बहाव की मात्रा अचानक अत्यधिक बढ़ सकती है। बैराज के नीचे महानदी में मछली पकडऩा, खेती करना, फसल लगाना एवं नहाना इत्यादि सख्त मना है। उक्त सूचना का पालन नहीं करने वाले व्यक्ति किसी प्रकार की हानि होने पर स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## कौशल पखवाड़ा शिविर के लिए तिथि एवं स्थल निर्धारित

**❑ पूर्वान्ह 11 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा शिविर**

**रायगढ़**

छ.ग.राज्य कौशल विकास प्राधिकरण रायपुर के निर्देशन में जिले में संचालित कौशल विकास योजना यथा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री जनमन योजना, नल जल मित्र कार्यक्रम, आजीविका विकास कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कौशल प्रशिक्षण हेतु निर्धारित वार्षिक लक्ष्य की पूर्ति, प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रगति लाने तथा ग्रामीण स्तर के युवाओं तक कौशल प्रशिक्षण की पहुंच बनाने के उद्देश्य से जिले में कौशल पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 18 अक्टूबर को विकासखण्ड रायगढ़ के जनपद पंचायत सभाकक्ष रायगढ़ में कौशल पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह 19 अक्टूबर को विकासखण्ड पुसौर के जनपद पंचायत सभाकक्ष में, 21 अक्टूबर को तमनार के जनपद पंचायत सभाकक्ष, 22 अक्टूबर को जनपद पंचायत सभाकक्ष खरसिया, 23 अक्टूबर को जनपद पंचायत सभाकक्ष घरघोड़ा, 24 अक्टूबर को जनपद पंचायत सभाकक्ष धरमजयगढ़, 25 अक्टूबर को रायगढ़ विकासखण्ड के जामगांव शिविर स्थल, 26 अक्टूबर को विकासखण्ड पुसौर के ग्राम पंचायत भवन झलमला, 28 अक्टूबर को जनपद पंचायत सभाकक्ष लैलूंगा, 29 अक्टूबर को विकासखण्ड खरसिया के ग्राम पंचायत भवन जैमुरा तथा 30 अक्टूबर को विकासखण्ड तमनार के ग्राम पंचायत भवन धौराभांठा में कौशल पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया जाएगा।

उक्त शिविर पूर्वान्ह 11 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होंगे।

## गंभीर बीमार बालक का मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हुआ सफल ईलाज शरीर में हो गए थे घाव, चमड़ी पड़ गई थी काली, शिशु रोग विशेषज्ञों की टीम ने आईसीयू में रखकर किया इलाज

**रायगढ़**



धरमजयगढ़ क्षेत्र से आए एक मासूम बच्चा कालेश्वर को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बच्चे का वजन उम्र के अनुसार बहुत कम था और उसकी स्थिति अत्यंत गंभीर थी। चिकित्सकों के अथक प्रयासों से बच्चा पूर्णरूप से स्वस्थ हो गया और उसके वजन में भी बढ़ोतरी हुई। बच्चे के स्वास्थ्य में पूर्ण सुधार के उपरांत 05 अक्टूबर 2024 को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

संत बाबा गुरू घासीदास जी स्मृति शा.चिकित्सालय रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम-कैचीरा, धरमजयगढ़ से आए 1 वर्ष 6 माह का मासूम बालक कालेश्वर पिता कैलाश जिसका वजन उम्र के अनुसार बहुत कम था। बच्चे की चमड़ी काली पड़ गयी थी एवं जगह-जगह पर घाव, छाले पड़ गए थे। बच्चे को सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ से प्राथमिक उपचार के पश्चात् वहाँ के चिकित्सकों एवं गैर शासकीय संगठन के कर्मचारियों के मदद से बेहतर उपचार हेतु मेडिकल कालेज अस्पताल रायगढ़ रेफर किया गया। जब बच्चा मेडिकल कालेज अस्पताल संत बाबा गुरु घासीदास जी स्मृति शा.चिकित्सालय रायगढ़ के आपातकालीन विभाग में पहुँचा तो उसकी स्थिति अत्यंत गंभीर थी। बच्चा अत्यधिक सुस्त था, खाने एवं पीने में असमर्थ था। हाथ एवं पैर ठंडे पड़ गये थे एवं नाड़ी भी कमजोर थी।

बच्चे को बाल्य एवं शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ.एल.के.सोनी (विभागाध्यक्ष) के विशेष निगरानी में आईसीयू में भर्ती कर ईलाज शुरु किया गया। बच्चे को इलाज के दौरान आईवी बॉटल, एंटीबायोटिक, घावों की विशेष देखरेख एवं साफ.-सफाई की गई एवं चर्मरोग विशेषज्ञों की सहायता से चमड़ी संबंधित बीमारी का इलाज किया गया। बच्चे के स्वास्थ्य में धीरे-धीरे सुधार आने के पश्चात् आहार विशेषज्ञों की सलाह अनुसार बच्चे को आहार प्रारंभ किया गया। बच्चे के स्वास्थ्य में सुधार एवं पाचन शक्ति बढऩे के पश्चात् आहार को विशेष देखरेख में बढ़ाया गया। चिकित्सकों की टीम एवं स्टॉफ नर्सों की अथक प्रयासों से बच्चा पूर्णरूप से स्वस्थ हो गया एवं उसके वजन में भी बढ़ोतरी हुई।

**पुरानी रंजिश में युवक पर हमला**

## कोतरारोड पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

**रायगढ़**





दिनांक 13.10.2024 को थाना कोतरारोड़ प्रार्थी इसरार खान, निवासी नवागढ़, जिला जांजगीर-चांपा, ने अपने छोटे भाई रियाज खान पर हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई। इसरार ने बताया कि मारपीट की घटना में रियाज खान बुरी तरह घायल है, जिसका उपचार वर्तमान में जिंदल अस्पताल पतरापाली में चल रहा है।

प्रार्थी के अनुसार, घटना की जानकारी उनके भाई के मित्र कैलाश द्वारा 13 अक्टूबर सुबह 05:00 बजे दी गई, जब उसने फोन पर बताया कि रियाज खान को भानुप्रताप अस्पताल लाया गया है। इसरार खान और उनकी मां अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने देखा कि रियाज खान के सिर, कान और आंखों पर गंभीर चोटें हैं। रियाज खान के दोस्त प्रकाश जाते और कुणाल पटेल भी इस घटना में घायल हुए हैं। पूछताछ में पता चला कि 13 अक्टूबर 2024 के करीब 02:30 बजे रियाज खान के साथ रायगढ़ से लौट रहे थे, तब सरायपाली ओवर ब्रिज के पास कोसमपाली निवासी समीर उर्फ राजा चौहान, और बंटी चौहान समेत अन्य आरोपियों ने उन पर पुरानी रंजिश के चलते हमला कर दिया। आरोपियों ने गाली-गलौच और जान से मारने की धमकी देते हुए डंडे और मुक्कों से रियाज खान पर हमला किया।

पुलिस ने प्रथम दृष्टया धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत अप.क्र. 347/2024 का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। आहत रियाज का ईलाज कर रहे डॉक्टर ने उसे बयान देने योग्य नहीं बताया और मेडिकल रिपोर्ट पर उसके चोट को गंभीर प्रकृति लेख किया गया है। प्रकरण में धारा 109 BNS जोड़ कर आरोपियों की धरपकड़ की गई। आरोपी समीर उर्फ राजा चौहान (22 वर्ष) और जयकिशन उर्फ बंटी चौहान (19 वर्ष) को पुलिस ने उनके गांव कोसमपाली से गिरफ्तार कर लिया। दोनों ने अपराध स्वीकार कर लिया है और उनके मेमोरेंडम के आधार पर घटना में प्रयुक्त डंडा भी जब्त कर लिया गया है। दोनों आरोपियों को 15 अक्टूबर की शाम गिरफ्तार कर कल न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। मामले की जांच जारी है। आरोपियों की पतासाजी गिरफ्तारी में निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी, एएसआई देव प्रसाद चौहान, प्रधान आरक्षक बाबूलाल पटेल, आरक्षक चंद्रेश पाण्डेय की अहम भूमिका रही है।

## थाना चक्रधरनगर पुलिस ने अवैध शराब परिवहन में लिप्त दो व्यक्तियों को किया गिरफ्तार

**❑ आरोपियों से 12.5 लीटर महुआ शराब और स्कूटी जब्त**

**रायगढ़**



थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव के नेतृत्व में चक्रधरनगर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए गोवर्धनपुर रोड चिड़पाल कॉलोनी के पास स्कूटी वाहन क्रमांक CG 13 AL 4162 पर अवैध रूप से शराब परिवहन कर रहे दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान अशोक कुमार सारथी (पिता बल्लू राम सारथी, उम्र 42 वर्ष) और जहर साय खलखो (पिता खोड़ेराम खलखो, उम्र 52 वर्ष) के रूप में हुई है, दोनों निवासी गांधीनगर, छोटे अतरमुड़ा, थाना चक्रधर नगर, जिला रायगढ़ के हैं। स्कूटी की तलाशी के दौरान 03 कोल्ड ड्रिंक्स बॉटल और एक पांच लीटर क्षमता वाली जरकिन में कुल 12.500 लीटर महुआ शराब बरामद की गई, जिसकी कीमत लगभग रु.1250 आंकी गई है।

पूछताछ के दौरान, आरोपियों ने बताया कि वे इस शराब को अवैध बिक्री के उद्देश्य से ले जा रहे थे। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए शराब और स्कूटी वाहन CG 13 AL 4162 को जब्त कर लिया। दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना चक्रधरनगर में धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक महेन्द्र कर्ष, आरक्षक चन्द्र कुमार बंजारे और सुशील मिंज की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## पीएम फसल योजना : 40 बीमित कृषकों को किया गया पॉलिसी वितरण

**रायगढ़**





प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 2024 में धान सिंचित व असिंचित, मूंग, उड़द, मक्का अरहर, मूंगफली फसलों का बीमा जिले के किसानों द्वारा कराया गया है जिसके तहत आज तमनार विकासखंड के बालजोर, पतरापाली, कोड़केल, मौहापली में कुल 40 कृषकों को मेरी पॉलिसी मेरे हाथ के तहत पॉलिसी पेपर का वितरण किया गया। उपस्थित कृषकों में बंधीराम राठिया, जयराम सिदार, उजालमति राठिया, लम्बोदर सिदार, फूलमती भुईहर, करमसिंह भुईहर, गुलापी राठिया, चैतराम राठिया, गोकुल राठिया, भागीरथी बेहरा, संतोष चौहान, योगकुमार पैंकरा व अन्य कृषक शामिल रहे।

ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी धीरज डनसेना एवं प्रभारी कृषि विस्तार अधिकारी किशोर प्रधान द्वारा विभागीय योजनाओं के साथ-साथ, कीट व्याधि, उपचार, किसान क्रेडिट कार्ड आदि के संबंध मे विस्तार से कृषकों को जानकारी देकर वर्तमान में फसल की स्थिति पर चर्चा किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान ग्राम बालजोर, कोड़केल के सरपंच रोहित सिंदार व भारतीय कृषि बीमा कंपनी में तमनार विकासखंड के ब्लॉक समन्वयक खिलेश्वर पटेल, राकेश नायक, नीरज कुमार डनसेना, लखनलाल बैगा उपस्थित रहे।

## विकासखण्ड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**रायगढ़**







कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में आज विकासखण्ड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन रायगढ़ स्टेडियम बोईरदादर, रायगढ़ में संपन्न हुआ। जिसमें एथलेटिक्स, तवा फेंक, बैडमिंटन, वेटलिफ्टिंग, बास्केटबाल, खोखो, वालीबाल, हॉकी एवं रस्साकसी खेलों में 9 से 18 वर्ष एवं 18 से 35 वर्ष तक के खिलाड़ी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आदर्श बाल मंदिर के प्राचार्य श्याम कातोरे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में एबीओ डी.पी.पटेल, प्रभारी सहायक संचालक एस.के.कुर्रे सहित महिला खिलाड़ी उपस्थित रही।

विकासखण्ड नोडल अधिकारी देवेन्द्र मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि एथलेटिक्स (100 मी.) प्रतियोगिता में 09 से 18 आयु वर्ग में शा.उ.मा.वि उर्दना की यामिनी यादव प्रथम रही तथा बाल मंदिर रायगढ़ की तमन्ना डेविड द्वितीय स्थान पर रही। इसी तरह 18 से 35 आयु वर्ग में बालिका महाविद्यालय की शशिकला-प्रथम रही। एथलेटिक्स (400 मी.) प्रतियोगिता में 09 से 18 आयु वर्ग में सेजस कोतरा की पूजा पटेल-प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर उर्दना की संजना उरांव रही।

तवा फेंक प्रतियोगिता में 9 से 18 आयु वर्ग में उर्दना की संजना उरांव-प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर कुसमुरा की आंचल सारथी रही। इसी तरह 18 से 35 आयु वर्ग में गेरवानी की आशा यादव-प्रथम एवं टारपाली की उष्मा पटेल द्वितीय रही। बैंडमिटन प्रतियोगिता में 09 से 18 आयु वर्ग में सिंगल प्रथम मानसी पटेल बाल मंदिर, द्वितीय सृष्टि यादव कन्या शाला, डबल आंचल एवं सृष्टि यादव कन्या शाला, 18 से 35 आयु वर्ग में सिंगल एवं डबल उष्मा पटेल एवं आशा यादव रही।

वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में 09 से 18 आयु वर्ग में मानसी बघेल-प्रथम एवं तमन्ना डेविड द्वितीय रही। बास्केटबाल प्रतियोगिता में 09 से 18 आयु वर्ग एवं 18 से 35 आयु वर्ग दोनों में रायगढ़ ने प्रथम स्थान हासिल किया। खोखो प्रतियोगिता में 09 से 18 आयु वर्ग में शा.उ.मा.वि.उर्दना प्रथम एवं द्वितीय स्थान सेजस कोतरा ने हासिल किया। व्हालीबाल प्रतियोगिता 9 से 18 आयु वर्ग में शा.क.उ.मा.वि.कुसमुरा प्रथम स्थान पर रहे। इसी तरह रस्साकसी प्रतियोगिता 9 से 18 आयु वर्ग में शा.उ.मा.वि.पतरापाली प्रथम स्थान पर रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480